

ब्र.कु. शिवानी बहन,जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

# शिवरात्रि के पावन पर्व पर...

# आत्म परिवर्तन के पाँच संकल्प

**शिवरात्रि का पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव आत्मा के गहन परिवर्तन का आध्यात्मिक समय है। 'शिवरात्रि' का अर्थ है -शिव का आगमन और रात्रि, यानी अज्ञान, दुःख और नकारात्मकता का अंत। जब दुनिया मूल्यहीनता, भय, क्रोध, संघर्ष और असुरक्षा से भर जाती है, तब परमात्मा शिव इस धरती पर अवतरित होते हैं और आत्माओं को पुनः शांति, पवित्रता और सत्य ज्ञान देकर जागृत करते हैं।**

शिवरात्रि हमें याद दिलाती है कि आत्मा मूलतः शांत, पवित्र, प्रेममयी और दिव्य है, परंतु समय के प्रभाव से उस पर कमज़ोरियों की परतें चढ़ जाती हैं। परमात्मा शिव "ज्ञान की ज्योति" जलाकर हमें इन कमज़ोरियों से मुक्त करते हैं। शिवरात्रि का वास्तविक रहस्य यह है कि हम परमात्मा से योग द्वारा शक्ति लेकर अपने संस्कारों का दिव्यकरण करें और स्वर्णिम भविष्य की रचना करें।

इसी आध्यात्मिक समझ पर आधारित पाँच दिव्य संकल्प जो जीवन परिवर्तन के लिए अति आवश्यक हैं:

### 1. मैं आत्मा हूँ, शरीर नहीं - आत्म जागृति का संकल्प

जब हम स्वयं को आत्मा मानकर कार्य करते हैं तो क्रोध, भय, ईर्ष्या जैसे व्यर्थ संकल्प स्वतः कम होने लगते हैं। यह संकल्प आंतरिक स्थिरता और आत्म-सम्मान को बढ़ाता है।

### 2. परमात्मा शिव मेरे सदैव साथी ईश्वर- सम्बन्ध का संकल्प

रोज़ाना कुछ समय मौन में बैठकर परमात्मा से योग जोड़ने का संकल्प हमें दिव्य शक्तियों से भर देता है। योग के माध्यम से आत्मा की थकान, पीड़ा व निगेटिविटी मिटने लगती है।

### 3. हर परिस्थिति में शांति और प्रेम से प्रतिक्रिया - संस्कार परिवर्तन का संकल्प

बाहरी स्थितियां जैसी भी हों, प्रतिक्रिया हमारे हाथ में है। यह संकल्प हमें भावनात्मक रूप से सशक्त बनाता है और सम्बन्धों में समरसता लाता है।

### 4. पवित्र संकल्प, पवित्र वाणी, पवित्र कर्म - कर्म शुद्धता का संकल्प

शिवरात्रि हमें यह याद दिलाती है कि पवित्रता ही दिव्यता का द्वार है। संकल्प लें कि कोई भी वचन या कर्म किसी को दुःख न पहुंचाए।

### 5. समाज और विश्व के लिए शांति वृक्ष बनना - दैवी गुणों का संकल्प

अपने घर, कार्यस्थल और समाज में शांति, प्रेम और करुणा का वातावरण फैलाना ही सच्ची शिवरात्रि की साधना है। जब हम बदलते हैं, संसार अपने आप बदलने लगता है।

शिवरात्रि का सच्चा अर्थ भक्ति नहीं, बल्कि परिवर्तन है। जब हर आत्मा इन पाँच संकल्पों को अपने जीवन में उतारती है, तब अज्ञान की रात समाप्त होकर दिव्य युग की प्रभात आरंभ हो जाती है।



**जूनागढ़-मेंदरडा(गुज.)।** भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से स्नेह मुलाकात कर उन्हें ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. गीता, ब्र.कु. टीना। साथ हैं ब्र.कु. प्रकाश एवं ब्र.कु. दीपक।



**मोहाली-पंजाब।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर 'मेरा गाँव, बने महान' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में पंजाब सरकार के पशुपालन, मत्स्यपालन और डेयरी विकास मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियान को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी,मेहसाणा व स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. प्रेम दीदी। साथ हैं ब्र.कु. प्रकाश,माउंट आबू।



**कादमा-हरियाणा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना के पूरे 100 वर्ष होने पर आयोजित विजयादशमी उत्सव में आरएसएस के ज़िला सहसंयोजक डॉ. यशवीर सिंह को ओमशान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. वसुधा दीदी। साथ हैं अन्य।



**वैशाली-बिहार।** दीपावली के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ शान्ति शक्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. रानी दीदी, ब्र.कु. कंचन,बेगूसराय, ब्र.कु. सावित्री, जूनियर कमिशन अधिकारी अभय कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार, शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष सहदेई शिव प्रसाद तथा अन्य।



**सिरसा-आनन्द सरोवर(हरियाणा)।** सेवाकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला जेल एसपी जसवंत सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. वीणा दीदी,सिरसी,कर्नाटक व स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. बिंदु दीदी।



**सिमराही-राघोपुर(बिहार)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सचिन माधोगरिया को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. बबीता।



**जालंधर-आदर्श नगर(पंजाब)।** राजयोगिनी ब्र.कु. कृष्णा दीदी की चतुर्थ पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित 'प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. अनीता दीदी,पंचकुला। मंचासीन हैं ब्रह्माकुमारीज़ पंजाब ज़ोन की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. प्रेम दीदी, ब्र.कु. प्रकाश,माउंट आबू, ब्र.कु. रेवादास,सुन्नी शिमला, जालंधर हल्का आम आदमी पार्टी के इंचार्ज नितिन कोहली, दैनिक सवेरा ग्रुप ऑफ न्यूज़पेपर के मुख्य संपादक शीतल विज, लवली ग्रुप के वाइस चेयरमैन नरेश मित्तल तथा अन्य।



**पतरातू-झारखंड।** पतरातू वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शशि रंजन प्रसाद सिंह, प्रभात कुमार, राजू कुमार, गुड्डू कुमार व अन्य को ओमशान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. रोशनी व ब्र.कु. रामदेव।



**दिल्ली-मंडावली।** यूएनआई के पूर्व संपादक अजय कौल को ओमशान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए ब्र.कु. पूर्णिमा एवं ब्र.कु. शिल्पा।


FOR ONLINE TRANSFER

Pay Directly to: osmorerf@indianbk

BANK NAME:- INDIAN BANK
BRANCH:- Shantivan, Talhati
ACCOUNT :- OM SHANTI MEDIA OF RERF
ACCOUNT NO:- 7552337300,
IFSC - CODE:- IDIB000S319

Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail - omshantimedia.acct@bkivv.org
E-Mail - omshantimedia@bkivv.org

ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें

कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़,शान्तिवन,तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510
संपर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414172087
Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - ₹-240, तीन वर्ष - ₹- 600, आजीवन - ₹- 6000

Website: www.omshantimedia.org